तकनीकी शिक्षा की जरूरत हैं नवाचार : कुलपति

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम में बृहस्पतिवार को अगली पीढ़ी की शिक्षा विषय पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि एचएनबी मेडिकल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हेमचंद्र ने कहा, नवाचार तकनीकी शिक्षा की जरूरत हैं। यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि शिक्षक वर्तमान में देश-दुनिया में अपनाई जा रही नई तकनीकों से छात्रों को सही दिशा में तकनीकी का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर प्रो. आईके भट्ट, प्रो. सचिन महेश्वरी, प्रो. प्रदीप कुमार डिमरी ने भी विचार रखे। संवाद